ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 16 ]
Total No. of Printed Pages : 16 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]
Total No. of Questions : 38 ]

**A**

**CCE RF**
**CCE RR**

Question Paper Serial No. **101**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 83-H**

**Code No. : 83-H**

# ವಿಷಯ : ವಿಜ್ಞಾನ
# Subject : SCIENCE

**( ಭೌತ ವಿಜ್ಞಾನ, ರಸಾಯನ ವಿಜ್ಞಾನ ಮತ್ತು ಜೀವ ವಿಜ್ಞಾನ / Physics, Chemistry & Biology )**

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ/ Hindi Medium )**

**( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ & ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh & Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 11. 04. 2022 ] [ Date : 11. 04. 2022
ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ–1-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-45 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. यह प्रश्न पत्र तीन भाग में हैं :
   **भाग-A : भौतिक शास्त्र, भाग-B : रसायन शास्त्र, भाग-C : जीव विज्ञान ।**
2. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
3. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
4. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
5. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
6. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

## भाग-A

## भौतिक शास्त्र ( Physics )

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **$4 \times 1 = 4$**

1. विद्युत उत्पादन में प्रयुक्त उपकरण है

   (A) गैल्वनोमीटर

   (B) विद्युत जेनरेटर

   (C) एमीटर

   (D) विद्युत मोटर ।

2. किसी विद्युत परिपथ के विभवांतर, विद्युत धारा तथा प्रतिरोध के बीच संबंध दर्शाने वाला सही सूत्र है

   (A) $I = \frac{R}{V}$

   (B) $I = VR$

   (C) $V = \frac{I}{R}$

   (D) $R = \frac{V}{I}$ .

3. फ्लेमिंग के दायाँ हस्त नियम में मध्यमा ................. की दिशा सूचित करती है ।

(A) प्रेरित विद्युत धारा

(B) चुम्बकीय क्षेत्र

(C) चालक की गति

(D) यांत्रिक बल ।

4. उत्तल लेंस से किसी वस्तु का छोटा तथा वास्तविक प्रतिबिंब पाने के लिए वस्तु को रखा जाना चाहिए

(A) मुख्य फोकस $F_1$ पर

(B) मुख्य फोकस $F_1$ तथा $2F_1$ के बीच

(C) $2F_1$ के परे

(D) मुख्य फोकस $F_1$ तथा प्रकाशिक केन्द्र $O$ के बीच ।

**II. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें :** **$2 \times 1 = 2$**

5. चुम्बकीय क्षेत्र रेखाएँ एक दूसरे को प्रतिच्छेद नहीं करती हैं । क्यों ?

6. लेंस की क्षमता का SI मात्रक का उल्लेख करें ।

**III. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें :** **$2 \times 2 = 4$**

7. किसी विद्युत परिपथ का व्यवस्थित आरेख खींचें जिसमें विद्युत सेल, विद्युत बल्ब, अमीटर तथा प्लग कूँजी हों ।

8. 15 सेमी फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के सम्मुख 25 सेमी पर एक वस्तु रखी हुई है । स्पष्ट प्रतिबिंब पाने हेतु दर्पण से कितनी दूरी पर पर्दा होना चाहिए ?

**अथवा**

किसी अवतल लेंस की फोकस दूरी 15 सेमी है । लेंस से कितनी दूरी पर बिम्ब रखी जाय कि लेंस से 10 सेमी दूरी पर प्रतिबिम्ब बन पाये ?

**IV. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें :** **3 × 3 = 9**

9. बायोगैस का मुख्य घटक क्या है ? ऊर्जा के उत्तम स्रोत के चार लक्षण लिखें ।

**अथवा**

सोलर सेल बनाने में किस तत्व का प्रयोग होता है ? सोलर सेल के कोई चार लाभ लिखें ।

10. उत्तल लेंस द्वारा प्रतिबिंब बनने को दर्शाने हेतु एक किरण आरेख खींचें जिसमें बिम्ब को लेंस के $2F_1$ पर रखा गया है । किरण आरेख की सहायता से बना हुआ प्रतिबिंब की स्थिति तथा प्रकृति उल्लेख करें ।

[ $F_1$ : लेंस का मुख्य फोकस ]

11. भू-संपर्क तार ( Earth wire ) के कार्य क्या हैं ? घरेलू विद्युत परिपथ में धात्वीय अवयव वाले विद्युत उपकरणों को भू-सम्पर्क तार के साथ संयोजित करना आवश्यक है । क्यों ? स्पष्ट करें ।

**अथवा**

विद्युत चुम्बकीय प्रेरण संबंधी फैराडे के प्रयोग को स्पष्ट करें । दिष्ट तथा प्रत्यावर्ती धारा में अंतर का उल्लेख करें ।

**V. निम्न प्रश्न का उत्तर लिखें :** **1 × 4 = 4**

12. a) विद्युत परिपथ में विद्युतीय उपकरणों को श्रेणी संयोजन के परिवर्त समानांतर संयोजन में क्या सुविधाएँ हैं ?

b) किसी विद्युत परिपथ में एमीटर तथा वोल्टमीटर को कैसे संयोजित किया जाता है ? उनके कार्य क्या हैं ?

**VI. निम्न प्रश्न का उत्तर लिखें :** **1 × 5 = 5**

13. a) प्रकाश का अपवर्तन क्या है ? इसके दो नियम बताएँ ।

b) प्रकाश का अपवर्तनांक क्या है ? 'हीरे का अपवर्तनांक 2·42 है ।' इस कथन का क्या आशय है ?

## भाग-B

## रसायन शास्त्र ( Chemistry )

**VII. निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं । सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **$2 \times 1 = 2$**

14. जल के विद्युत अपघटन में कैथोड पर मुक्त गैस है

    (A) आक्सीजन

    (B) हाइड्रोजन

    (C) क्लोरीन

    (D) नाइट्रोजन ।

15. क्लोरीन का परमाणु क्रमांक 17 है । आधुनिक आवर्त सारणी में इस तत्व की आवर्त संख्या है

    (A) 2 (B) 7

    (C) 4 (D) 3.

**VIII. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें :** **$4 \times 1 = 4$**

16. आधुनिक आवर्त नियम को बताएँ ।

17. प्लास्टर आफ पेरिस के कोई दो उपयोग लिखें ।

18. इथिन अणु का संरचनात्मक सूत्र लिखें ।

19. $ZnO + C \rightarrow Zn + CO$

इस अभिक्रिया में उस अभिकारक का नाम लिखें जो –

i) ऑक्सीकृत होता है तथा

ii) अपचयित होता है ।

**IX. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें :** **$3 \times 2 = 6$**

20. *A, B* तथा *C* विलयनों के pH मान क्रमशः 5, 6 तथा 7 हैं । इन विलयनों में कौन-सा प्रकृति में अधिक अम्लीय है ? क्यों ?

21. नमक घोल की चालकता के परीक्षण में प्रयुक्त उपकरणों का व्यवस्थापन को दर्शाकर एक आरेख खींचें तथा 'ग्रेफाइट छड़' का नामांकन करें ।

22. कारण बताएँ :

a) रसोई बनाने के बर्तनों को बनाने में धातु का उपयोग किया जाता है ।

b) सोडियम धातु को किरोसीन में रखा ( stored ) जाता है ।

**अथवा**

कारण दीजिये :

a) जब कैल्सियम धातु जल के साथ अभिक्रिया करता है, तो मुक्त हाइड्रोजन गैस में आग नहीं लगता है ।

b) आयनिक यौगिकों का उच्च गलनांक तथा क्वथनांक होता है ।

**X. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें :** **$3 \times 3 = 9$**

23. पारमाणविक आकार क्या है ? आधुनिक आवर्त सारणी में पारमाणविक आकार आवर्त की दिशा में घटता है तथा नीचे की ओर समूह में बढ़ता है । क्यों ? स्पष्ट करें ।

24. तनु सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ जिंक चूर्णों की अभिक्रिया दर्शाने हेतु तथा ज्वलन द्वारा हाइड्रोजन गैस का परीक्षण हेतु उपकरणों की व्यवस्था का आरेख खींचें ।

निम्न भागों का नामांकन करें :

i) जिंक चूर्ण

ii) आपूर्ति ( Delivery ) नलिका ।

25. निम्न रासायनिक अभिक्रियाओं के लिए संतुलित रासायनिक समीकरण दीजिए :

i) कैल्सियम कार्बोनेट $\xrightarrow{\text{ऊष्मा}}$ कैल्सियम आक्साइड + कार्बन डाइआक्साइड

ii) हाइड्रोजन + क्लोरिन $\longrightarrow$ हाइड्रोजन क्लोराइड

iii) मैग्निशियम + हाइड्रोक्लोरिक अम्ल $\longrightarrow$ मैग्निशियम क्लोराइड + हाइड्रोजन ।

**अथवा**

जब एक लोहे की कील को कापर सल्फेट के विलयन में डुबोया जाता है तब होने वाली रासायनिक अभिक्रिया किस प्रकार की है ? क्यों ? इस रासायनिक अभिक्रिया हेतु संतुलित रासायनिक समीकरण लिखें ।

**XI. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें :** **1 × 4 = 4**

26. a) संरचनात्मक समावयव क्या हैं ? ब्यूटेन का आणविक तथा संरचनात्मक सूत्र लिखें ।

b) शृंखलन ( catenation ) क्या है ? एल्कीनों का सामान्य सूत्र लिखें ।

## भाग-C

## जीव विज्ञान ( Biology )

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **2 × 1 = 2**

27. सूर्य प्रकाश से निकलता पराबैंगनी विकिरणों को अवशोषित करने वाला वायुमण्डलीय स्तर किस अणु से बना होता है ?

(A) $N_2$ (B) $H_2$

(C) $O_3$ (D) $O_2$.

28. मानव में लैंगिक रूप से संचरित विषाणु जनित संक्रमण है

(A) एड्स

(B) सिफिलिस

(C) तपेदिक

(D) गोनोरिया ।

**XIII. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें :** **2 × 1 = 2**

29. पारिस्थितिक तंत्र में विघटकों की भूमिका क्या है ?

30. पुरुषों में वृषण, वृषणकोश में उदरीय गुहिका के बाहर स्थित होते हैं । क्यों ?

**XIV. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें :** **3 × 2 = 6**

31. निम्न उद्भिद हार्मोनों के कार्य का उल्लेख करें :

i) आक्सीन

ii) साइटोकाइनिन ।

32. किसी फूल का अनुदैर्घ्य काट दर्शाकर एक आरेख खींचें तथा 'अण्डाशय' का नामांकन करें ।

33. कारण दीजिए :

a) 'मानव हृदय के वेन्ट्रिकल ( ventricles ) का मोटा दीवार रहता है ।'

b) 'स्तनियों तथा पक्षियों में आक्सीकृत तथा विआक्सीकृत रक्त को अलग करना आवश्यक है ।'

**XV. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें :** **$3 \times 3 = 9$**

34. जब एक लंबे मटर के पौधे ( $TT$ ) को बौने मटर के पौधे ( $tt$ ) से क्रास किया जाता है, तो एकसंकर क्रास का $F_2$ पीढ़ी में प्राप्त परिणाम को चेकर बोर्ड की सहायता से दर्शाइए तथा पौधों की विभिन्नता के अनुपात का उल्लेख करें ।

35. पोषण ( Trophic ) स्तर क्या है ? पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा का प्रवाह सर्वदा एकदिशिक है । क्यों ? स्पष्ट करें ।

36. a) किन्हीं चार घटकों का उल्लेख करें जिसके कारण नयी प्रजातियों का उद्भव होता है ।

b) किसी व्यक्ति की उनके जीवनकाल के दौरान उपार्जित अनुभव उसकी संतति में अंतरित नहीं हो सकता है । कारण दीजिए ।

**अथवा**

जीवाश्म क्या हैं ? जीवाश्म का काल निर्धारण की पद्धति का उल्लेख करें तथा संक्षेप में स्पष्ट करें ।

**XVI. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें :** **2 × 4 = 8**

37. कोशीय श्वसन के पहले चरण के दौरान साइटोप्लाज्म में ग्लूकोज अणु के टूटने से कौन-सा अणु तैयार होता है ? श्वसन के प्रकार का उल्लेख करें तथा उनमें कोई दो अंतर लिखें ।

**अथवा**

प्रकाश संश्लेषण हेतु आवश्यक घटक क्या हैं ? इस प्रक्रम के दौरान घटित घटनाओं का उल्लेख करें तथा संतुलित रासायनिक समीकरण द्वारा इस प्रक्रम का प्रतिरूपण करें ।

38. मानव मस्तिष्क की संरचना दर्शाकर आरेख खींचें तथा निम्न भागों का नामांकन करें :

i) प्रमस्तिष्क ( cerebrum )

ii) अनुमस्तिष्क ( cerebellum )।